Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of IT sector on NTC land in Rajnandgaon Parliamentary Constituency-laid.

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): मेरे संसदीय क्षेत्र एवं शहर मुख्यालय राजनांदगांव में एनटीसी (नेशनल टैक्स टाइल कार्पोरेशन) के आधिपत्य लगभग 35 एकड़ भूमि वर्ष 2000 से अद्यतन रिक्त अनुपयोगी पड़ी हुई है. पूर्व में उक्त स्थान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की कपड़ा मिल जिसे बंगाल नागपुर कॉटन मिल (BNC मिल) के नाम से जाना जाता था. वह स्थान पूर्व में शहर के बाहर स्थित था किंतु शहर के विस्तार से उक्त भूमि अब शहर के अंदर आ चुका है. जिला उद्योग केंद्र राजनांदगांव के अधिकारियों से बैठक के उपरांत अधिकारियों ने अवगत कराया कि उद्योग के नियमों के अनुसार उक्त भूमि पर अब गैर प्रदूषित उद्योग ही संभव है. जिसमें उन्होंने आईटी सेक्टर को ही सबसे उपयुक्त मानकर भूमि को एनटीसी से हस्तांतरित अथवा लीज पर लेकर आईटी सेक्टर स्थापित करना उचित माना है.

भूमि रेल लाइन से लगी हुई है । आईटी सैक्टर की स्थापना से न सिर्फ़ भारत सरकार नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिभाओं की प्राप्ति होगी, वरन स्थानीय स्तर पर भी बेरोजगारों, प्रतिभाशाली युवकों को रोजगार तथा व्यवसाय में वृद्धि होगी ।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि उक्त भूमि पर आईटी सेक्टर स्थापित हो ।